**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 5189**
**उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2019**

**लद्दाख क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क**

**5189. श्री जामयांग त्सेरिंग नामग्यालः**

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार का लद्दाख क्षेत्र के दूरवर्ती गांवों और बस्तियों में नए मोबाइल टावर लगाने के लिए विद्‌यमान मोबाइल नेटवर्क को सुधारने के लिए कोई योजना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या मंत्रालय ने गत पांच वर्षों के दौरान उक्त क्षेत्र में मोबाइल के टेलीफोन नेटवर्क के संवर्धन के लिए यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड से कोई निधि मंजूर/जारी की है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्‌योगिकी मंत्री**
**(श्री रविशंकर प्रसाद)**

(क) जी, हां।

(ख) जम्मू एवं कश्मीर प्रदेश के लद्दाख एवं करगिल क्षेत्रों, सीमावर्ती क्षेत्रों और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के वंचित (अन-कवरड) क्षेत्रों के 361 गांवों में कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व कोष के अन्तर्गत लद्दाख क्षेत्र में कुल मिलाकर 125 मोबाइल टावरों का प्रावधानीकरण किया गया है जिनमें से कारगिल और लेह में क्रमश: 72 और 53 मोबाइल टावरों का प्रावधानीकरण किया गया है।

(ग) एवं (घ): सार्वभौमिक सेवा दायित्व कोष से गत 5 वर्षों में लद्दाख क्षेत्र में मोबाइल/टेलीफोन नेटवर्क के संवर्धन के लिए मंजूर/रिलीज की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

| **यूएसओएफ से गत 5 वर्षों के दौरान लद्दाख को मंजूर/रिलीज की गई निधियां** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **वित्त वर्ष** | **राशि रू. में (वीपीटी/डीएसपीटी)** |
| 1. | 2014-15 | शून्य |
| 2. | 2015-16 | शून्य |
| 3. | 2016-17 | 9,14,500 |
| 4. | 2017-18 | 1,34,125 |
| 5. | 2018-19 | 1,54,654 |

*****